आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 11.09.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत को दुनिया की आर्थिक वृद्धि का प्रमुख आधार बताया। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था में 7 दशमलव 8 प्रतिशत की वृद्धि।
- बदरीनाथ धाम से माउंट माना अभियान का शुभारंभ। 31 सदस्यीय दल को गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- नकली पनीर की शिकायतों पर हरिद्वार में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई। पांच खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर।
- अल्मोड़ जिले में क्वारब बायपास पर बड़े वाहनों का आवागमन अग्रिम आदेशों तक प्रतिबंधित।

**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत को दुनिया की आर्थिक वृद्धि का एक प्रमुख आधार बताया है। यह बयान चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था की 7 दशमलव 8 प्रतिशत की वृद्धि के बाद आया है। मुद्रा कोष के संचार विभाग की निदेशक जूली कोजैक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। इसकी मुख्य वजह सेवाओं और निर्यात में हुई बढ़ोतरी है।

**माउंट माना अभियान**

चमोली जिले में बदरीनाथ धाम से उच्च हिमालयी क्षेत्र में पर्वतारोहण कौशल की परीक्षा लेने वाले माउंट माना अभियान का शुभारंभ हुआ। 31 सदस्यीय अभियान दल को गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के लीडर कैप्टन सुरेंद्र सिंह और डिप्टी लीडर सूबेदार सुनील सिंह नेगी को अभियान ध्वज सौंपा गया। रवाना होने से पहले दल ने बदरीनाथ धाम में पूजा–अर्चना कर अभियान की सफलता और सदस्यों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर वृक्षारोपण कर हिमालयी पर्यावरण और जैव–विविधता के संरक्षण का संदेश भी दिया गया। अभियान के दौरान सुरक्षा, अनुशासन, टीम भावना और लक्ष्य प्राप्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने कहा माउंट माना अभियान, भारतीय सेना और गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर की साहस, समर्पण और उत्कृष्ट पर्वतारोहण परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

## किसान दिवस

चम्पावत विकासखंड सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों ने घेरबाड़, सिंचाई, कृषि, पशुपालन सहित कृषि से संबद्ध विभिन्न विषयों से संबंधित समस्याएं, आवश्यकताएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे गए। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। साथ ही किसानों को विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

## उद्यमिता कार्यशाला

पौड़ी के जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार की ओर से डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में विद्यार्थियों को रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता के अवसरों की जानकारी दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों ने बैंकिंग, वित्तीय सहायता और उद्यमिता के लिए उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं, उद्यम स्थापना, आवश्यक पंजीकरण और पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं से भी अवगत कराया गया। जिला उद्योग केंद्र की प्रबंधक उपासना सिंह ने विद्यार्थियों को सरकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र और स्वरोजगार में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से अपनी रुचि और कौशल के अनुरूप करियर चुनने तथा रोजगार सृजक बनने का आह्वान किया।

## खाद्य सुरक्षा अभियान

हरिद्वार जिले में नकली पनीर संबंधी शिकायतों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। उपायुक्त गढ़वाल आर.एस. रावत के नेतृत्व में विभागीय टीम ने पनीर निर्माण इकाइयों, डेयरी, होटल और खाद्य तेल गोदामों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान जांच के लिए छह खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, जबकि पांच खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किए गए। एक होटल में बिना पंजीकरण के रसोई संचालित पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। टीम ने करीब 50 किलोग्राम खराब बेसन भी नष्ट कराया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## प्रशिक्षण कार्यशाला

विद्यार्थियों को गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे कठिन विषयों को आसानी से समझाने के लिए अब शिक्षक आधुनिक तकनीक का सहारा लेंगे। नई टिहरी के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आईआईटी मद्रास की ओर से एक दिवसीय विद्या शक्ति प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें

चंबा, प्रतापनगर और जाखणीधार विकासखंडों के कक्षा छह से आठ तक पढ़ाने वाले 50 शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सिमुलेशन और गेमिफिकेशन आधारित तकनीकों के माध्यम से गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे कठिन विषयों को सरल और रुचिकर ढंग से पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने कहा कि तकनीक आधारित शिक्षा वर्तमान समय की आवश्यकता है और इसके रचनात्मक उपयोग से विद्यार्थियों में सीखने की रुचि और जिज्ञासा बढ़ेगी। विद्या शक्ति केंद्र के पदाधिकारियों ने बताया कि केंद्र की ओर से प्रत्येक वर्ष नवंबर में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रत्येक राज्य से चयनित शीर्ष 25 विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों को आईआईटी मद्रास आमंत्रित किया जाता है। चयनित विद्यार्थियों और शिक्षकों के सम्मान के लिए प्रत्येक वर्ष 13 और 14 अप्रैल को आईआईटी मद्रास में दो दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की जाती है।

## यातायात रोक

अल्मोड़ा जिले में यात्रियों और वाहन चालकों की सुरक्षा को देखते हुए क्वारब बायपास मार्ग पर बसों और बड़े वाहनों के आवागमन पर अग्रिम आदेशों तक प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान मार्ग पर केवल छोटे वाहनों को आवागमन की अनुमति होगी। जिला प्रशासन ने बस और बड़े वाहन चालकों से क्वारब बायपास मार्ग का प्रयोग नहीं करने तथा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से आवागमन करने की अपील की है। संबंधित अधिकारियों को प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित कराने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से मार्ग की स्थिति की नियमित समीक्षा की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से स्थिति अनुकूल पाए जाने के बाद ही बसों और बड़े वाहनों के संचालन के संबंध में अग्रिम निर्णय लिया जाएगा।

## निलंबन

हरिद्वार जिला प्रशासन ने राजस्व कार्यों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की है। रुड़की के संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचन्द्र शेट ने राजस्व उपनिरीक्षक अतुल रावत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रशासन के अनुसार नामांतरण वाद में तथ्यों को छुपाकर आख्या प्रस्तुत करने के मामले में विभागीय कार्रवाई पहले से चल रही थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई है। साथ ही संबंधित क्षेत्र के राजस्व कार्यों के सुचारु संचालन के लिए प्रभार हस्तांतरण के निर्देश भी दिए गए हैं। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि राजस्व अभिलेखों और न्यायिक व अर्द्धन्यायिक प्रकरणों में तथ्यों की सही प्रस्तुति और निर्धारित प्रक्रिया का पालन अनिवार्य है। किसी भी स्तर पर अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।